झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

7 July 2024

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 7 जुलाई का इतिहास

- **1763 :** मीर जाफर की बंगाल के नवाब के रूप मे कई ताजपोशी हुई।
- **1799 :** महाराजा रणजीत सिंह ने लाहौर पर कब्जा किया।
- **1948 :** दामोदर घाटी निगम की स्थापना हुई।
- **1948 :** स्वतंत्र भारत की पहली बहुउद्देशीय परियोजना हुई।
- **2008 :** काबुल में भारतीय दूतावास पर हमले में 41 लोग मारे गए।
- **1854 :** भारतीय स्वतंत्रता सेनानी मोहम्मद बरकतउल्ला का जन्म हुआ।

## 7 जुलाई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- सीमा पार खुदरा भुगतान में तेजी लाने के लिए आरबीआई और आसियान द्वारा एक प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा। तत्काल सीमा पार खुदरा भुगतान की सुविधा के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक ओर आसियान देशों ने एक प्लेटफॉर्म बनाने का निर्णय लिया हैं। इस प्लेटफॉर्म के 2026 तक लाइव होने की उम्मीद है। आरबीआई प्रोजेक्ट नेक्सस में शामिल हो गया है, जो एक वैश्विक बहुपक्षीय पहल है जो तात्कालिक सीमा पार खुदरा भुगतान को सक्षम करने के लिए घरेलू त्वरित भुगतान प्रणालियां को जोड़ती है।
- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने भारत सरकार की सहमति से निर्णय लिया है कि 2024 से 2027 तक सार्क देशों के लिए सीमा मध्य व्यवस्था पर एक प्राथमिक ढांचा लागू किया जाएगा। इस फ्रेमवर्क के तहत, रिजर्व बैंक सार्क केंद्रीय बैंकों के साथ समग्र फ्रेम में शामिल होगा, जो पांच सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं। 2024-2027 के लिए फ्रेमवर्क के अंतर्गत एक अलग INR प्रीमियम विंडो शामिल की गई है, जिसमें भारतीय रूपये में प्रीमियम समर्थन के लिए विभिन्न सुविधाएं हैं।
- इ-सांख्यिकी पोर्टल को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव और डेटा तक आसान पहुंच के लिए लॉन्च किया गया हैं। योजनाकारों, नीति-निर्माताओं, शोध कर्ताओं और जनता के लिए वास्तविक समय के इनपुट प्रदान करने के लिए मंत्रालय द्वारा पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल का उद्देश्य आधिकारिक आंकड़ों के प्रसार में आसानी के लिए एक व्यापक डेटा प्रबंधन और साझाकरण प्रणाली स्थापित करना हैं। डेटा कैटलॉग मॉडयूल में सात डेटा उत्पाद और 2291 से अधिक डेटासेट है।
- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने राष्ट्रीय खातों के लिए आधार वर्ष में संशोधन करने के लिए बिस्वंत गोल्डर की अध यक्षता में 26 सदस्यीय समिति का गठन किया है। सीएसओ के पूर्व महानिदेशक जी सी मन्ना, आर्थिक विकास संस्थान से चेतन घाटे और एनआईबीएम, पुणे से पार्थ रे इस समिति के कुछ प्रमुख सदस्य हैं। समिति राष्ट्रीय खातों के लिए एक नए आधार वर्ष की भी सिफारिश करेगी, जो संभवत 2020-2021 होगा।
- दक्षिण चीन सागर और उत्तरी प्रशांत महासागर में तैनात एक भारतीय बहुउद्देश्यीय स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस शिवालिक, दुनिया के सबसे बड़े नौसैनिक अभ्यास, रिम ऑफ द पैसिफिक अभ्यास में भाग ले रहा हैं। 29वां द्विवार्षिक अभ्यास रिम ऑफ द पैसिफिक एक बहुराष्ट्रीय अभ्यास जिसमें 29 देश और 25000 से अधिक कार्मिक शामिल है, जो 1 अगस्त तक हवाई द्वीप में और उसके आसपास आयोजित किया जा रहा हैं। पहले दो उप-चरणों के दौरान, युद्धपोत बुनियादी और उन्नत स्तर के एकीकरण अभ्यास को पूरा करेंगे।
- राजस्थान के सीएम भजन लाल ने मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने टोंक में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभार्थी किसानों को 650 करोड़ रूपये हस्तांरित किए। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की तर्ज पर मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी किसान के खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रतिवर्ष दो हजार रूपये हस्तांरित किये जाएंगे।
- रवि अग्रवाल को नया सीबीडीटी प्रमुख नियुक्त किया गया हैं। जून 2022 में नितिन गुप्ता को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इससे पहले रवि अग्रवाल सीबीडीटी बोर्ड में सदस्य के पद पर कार्यरत थे। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने कहा है कि रवि अग्रवाल जून 2025 तक सीबीडीटी प्रमुख होंगे। सीबीडीटी का नेतृत्व एक चेयरमैन करता है तथा इसमें छह सदस्य हो सकते हैं। यह भारत में प्रत्यक्ष कर कानूनों को प्रशासित करने के लिए जिम्मेदार है।
- 30 जून 1987 बैच की आईएएस अधिकारी सुजाता सौनिक ने महाराष्ट्र में 64 साल पुरानी परंपरा तोड़ते हुए राज्य की पहली महिला मुख्य सचिव बनी। सौनिक ने अपने पूर्ववर्ती नितिन करीर से मंत्रालय में मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण किया, जो अगले वर्ष जून में सेवानिवृत होंगे। राज्य के सबसे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सौनिक गृह एवं सामान्य प्रशासन विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत थे।

# R.N.S ACADEMY

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में कौन एसबीआई के नए चेयरमैन बनेंगे ?**

(A) सुमित शर्मा (B) रवि अग्रवाल
(C) CS शेट्टी (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** भारतीय स्टेट बैंक के वर्तमान चेयरमैन दिनेश खारा का कार्यकाल 28 अगस्त 2024 को समाप्त हो रहा है। ऐसे में केंद्र सरकार की वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो ने अगले चेयरमैन के तौर पर चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी के नाम की सिफारिश की है। एफएसआईबी ने एक बयान में कहां इंटरफेस में उनके प्रदर्शन, उनके कार्यकाल के अनुभव और मौजूदा मापदंडो को ध्यान में रखते हुए ब्यूरो एसबीआई में अध्यक्ष पद के लिए चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी की सिफारिश करता है।



**2. हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय खिलौना मेला 2024 कहां आयोजित होगा ?**

(A) नई दिल्ली (B) दुबई
(C) बीजिंग (D) बैंगलुरू

**(A)** हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी में 6 जुलाई से शुरू होने वाले चार दिन के अंतर्राष्ट्रीय खिलौना मेले में 300 से अधिक घरेलू कंपनियों और अमेरिका जर्मनी, और अन्य देशों के 100 से अधिक विदेशी खरीदारों के भाग लेने की उम्मीद हैं। टॉय एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार गौतम ने बयान में कहां कि यहां प्रगति मैदान में आयोजित किए जा रहे मेले के दोरान 250 से अधिक भारतीय ब्रांड अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे।



**3. हाल ही में पशुपालकों पर टैक्स लगाने वाला पहला देश कौनसा बना ?**

(A) भारत (B) डेनमार्क
(C) जापान (D) चीन

**(B)** डेनमार्क ने गायों, भेड़ों और सूअरों द्वारा उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैसों के लिए पशुपालकों पर कर लगाया हैं। यह कर 2030 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 1990 के स्तर से 70% तक कम करने के लिए लगाया गया हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, पशुधन मानव-जनित मीथेन उत्सर्जन के लगभग 32% के लिए जिम्मेदार है।




**4. हाल ही में किस बैंक द्वारा ग्रामीण और अर्ध-शहरी बाजारों में उच्च मूल्य वाले ग्राहकों के लिए यूनियन प्रीमियर शाखाएं शुरू की गई ?**

(A) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (B) एक्सिस बैंक
(C) भारतीय रिजर्व बैंक (D) बैंक ऑफ बड़ौदा

**(A)** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अनुसार व्यक्तिगत बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई ये शाखाएं आरयूएसयू बाजारों में उच्च मूल्य वाले ग्राहकों को एक ही छत के नीचे उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगी। प्रत्येक यूनियन प्रीमियर ग्राहक को अपनी सभी बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए एक व्यक्तिगत रिलेशनशिप मैनेजर तक पहुंच प्राप्त होगी।

**5. हाल ही में सीरा ने अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के लिए किस देश को भागीदार देश घोषित किया ?**

(A) भारत (B) अमेरिका
(C) चीन (D) श्रीलंका

**(A)** अमेरिका स्थित अंतरिक्ष अन्वेषण एवं अनुसंधान एजेंसी ने भारत को अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम का हिस्सा बनाया हैं। इसके मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के तहत दुनिया भर से छह नागरिक अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएंगे। यह कार्यक्रम ब्लू ओरिजिन के सहयोग से क्रियान्वित किया जाएगा। चयनित नागरिक ब्लू ओरिजिन के रीयूजएबल सबऑर्बिटल रॉकेट न्यू शेपर्ड में 11 मिनट की यात्रा के लिए अंतरिक्ष में जाएंगे।



**6. हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने किसके जीवन पर आधारित तीन पुस्तकों का विमोचन किया है ?**



(A) ओम बिरला (B) जगदीप धनखड़

(C) लालकृष्ण आडवाणी (D) एम.वेंकैया नायडू

**(D)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के जीवन और यात्रा पर तीन पुस्तकों का विमोचन किया। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का आयोजन पूर्व उपराष्ट्रपति एम.के. नायडू की 75वीं जयंती पर हैदराबाद के गाचीबोवली में अन्वया कन्वेंशन सेंटर में किया गया था।

**7. हाल ही में किस देश के उपग्रह के टूटने से ISS और अंतरिक्ष यातायात को खतरा बढ़ा है ?**



(A) चीन (B) रूस

(C) जापान (D) श्रीलंका

**(B)** अंतरिक्ष में रूसी सैटेलाइट तबाह हो गई, जिससे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के यात्रियों का खतरा बढ़ गया है। रूस की सैटेलाइट अंतरिक्ष में 100 से ज्यादा अधिक टुकड़ों में टूट गई, जिसके कारण अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग एक घंटे तक शेल्टर लेना पड़ा। अंतरिक्ष में पहले से ही कचरा मौजूद है ऐसे में रूस की सैटेलाइट तबाह होने के बाद कचरा और भी बढ़ गया है।

**8. हाल ही में कौन अपने संपूर्ण जीव जंतुओं की सूची तैयार करने वाला पहला देश बना है ?**



(A) भारत (B) फ्रांस

(C) जापान (D) चीन

**(A)** पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत 104561 प्रजातियों को कवर करते हुए अपने संपूर्ण जीवों की एक चेकलिस्ट तैयार करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है जो जैव विविधता प्रलेखन में खुद को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करता हैं। उन्होंने कहा कि भारत के जीवों की चेकलिस्ट पोर्टल भारत से रिपोर्ट की गई जीव प्रजातियों पर पहला व्यापक दस्तावेज है।

**9. हाल ही में दुनिया का सबसे बड़ा नौसैनिक अभ्यास RIMPAC कहां शुरू हुआ है?**



(A) रूस (B) चीन

(C) भारत (D) अमेरिका

**(D)** हाल ही में दक्षिण चीन सागर और उत्तरी प्रशांत महासागर में तैनात भारतीय बहु भूमिका वाला स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस शिवालिक अमेरिका के पर्ल हार्बर में चल रहे रिम ऑफ द पैसिफिक एक्सरसाइज में भाग ले रहा है। यह दुनिया का सबसे बड़ा नौसैनिक अभ्यास हैं। भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय अभ्यास जिमेक्ट में भाग लेने के बाद आईएनएस शिवालिक अमेरिका के इस प्रसिद्ध बंदरगाह पर पहुंचा है।

**10. हाल ही में IARI ने किसे अपना निदेशक नियुक्त किया है ?**



(A) दिनेश खारा (B) टी आर शर्मा

(C) मनोज कुमार (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने टी.आर. शर्मा को अपना नया निदेशक नियुक्त किया हैं। शर्मा वर्तमान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में उप महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें निदेशक पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। फसल विज्ञान और पादप जैव प्रौद्योगिकी में अपने कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले शर्मा के खाद्य सुरक्षा तथा टिकाऊ खेती में चुनौतियों का समाधान करने में आईएआर के प्रयासों का नेतृत्व करने की उम्मीद है।